'भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा पुरस्कार' प्रमाण-पत्र एवं शील्ड, हिमालयन वन अनुसन्धान संस्थान, शिमला को

भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून द्वारा वर्ष 2014-15 के लिए 'क' क्षेत्र स्थित संस्थानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए **'भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा पुरस्कार' प्रमाण पत्र एवं शील्ड, हिमालयन वन अनुसन्धान संस्थान, शिमला को प्रदान किया गया है** I महानिदेशक, *भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्* की ओर से राजभाषा पुरस्कार प्रमाणपत्र एवं शील्ड डॉ. वी. पी. तिवारी, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने संस्थान के हिंदी अधिकारी, प्रदीप भारद्वाज को प्रदान किया | इस अवसर पर निदेशक महोदय ने कहा कि यह बड़े ही हर्ष एवं सम्मान का विषय है कि *भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्* द्वारा हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया है I उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस सम्मान हेतु बधाई दी और राजभाषा हिंदी का प्रसार बढ़ाने और उसका विकास सुनिश्चित करने के लिए राजभाषा सम्बन्धी अनुदेशों का अनुपालन दृढ़तापूर्वक करने का आह्वाहन किया | उन्होंने आगे कहा कि संघ की राजभाषा नीति का आधार प्रेरणा और प्रोत्साहन है I अत: माननीय महानिदेशक, *भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्* द्वारा हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला को प्रदान किया गया, यह पुरस्कार हमें राजकीय कार्यों में हिंदी भाषा को और अधिक बढ़ावा देने के लिए अवश्य प्रेरित करेगा I

निदेशक महोदय के अपने संबोधन में कहा कि यह पुरस्कार हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हार्दिक प्रयासों का परिणाम है और हमारा यह कर्तव्य है कि इस सम्मान को यथावत्/ बरकरार रखने के लिए हमें हर संभव प्रयास करने होंगे ।

माननीय महानिदेशक, *भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्* डॉ. अश्विनी कुमार की ओर से राजभाषा पुरस्कार हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला को प्रदान करते हुए, डॉ. वी. पी. तिवारी, निदेशक



भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून

भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा पुरस्कार
वर्ष 2014–15

भा.वा.अ.शि.प. के अधीन संस्थानों में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सम्पूर्ण वर्ष की प्रगति के आधार पर वर्ष 2014–15 के लिए 'क' क्षेत्र स्थित संस्थानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा पुरस्कार' प्रमाण पत्र एवं शील्ड हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला को प्रदान किया जाता है।

(डॉ. अश्विनी कुमार)
महानिदेशक